प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 18.07.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**
1–ईडी ने आज भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापा मारकर उनके बेटे चैतन्य बघेल को किया गिरफ्तार।

2–नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए।

3– केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से केन्द्रीय पूल के लिए चावल उपार्जन के लक्ष्य को करीब आठ लाख मीटरिक टन बढ़ाया।

4–पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कथित बोरे–बासी घोटाले की जांच विधायकों की समिति करेगी–आज विधानसभा में श्रम मंत्री ने की घोषणा।

**अब समाचार विस्तार से .....**
**ईडी–चैतन्य बघेल–गिरफ्तार**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम आज सुबह भिलाई स्थित पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल के निवास पहुंची। शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए चैतन्य बघेल को बाईस जुलाई तक पांच दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है।

भिलाई में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ता ने चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का–मुक्की भी हुई।

वहीं, आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने कोयला घोटाला मामले में आरोपी देवेन्द्र डडसेना को गिरफ्तार कर लिया है। इस पर करीब सौ करोड़ रूपए की अवैध वसूली करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद देवेन्द्र डडसेना को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

**विधानसभा समाचार–01**

इस बीच, आज विधानसभा में भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की दबिश का मामला गूंजा। कांग्रेस के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा हिरासत में लिए जाने पर नारेबाजी की। इसके बाद कांग्रेस के सदस्यों ने सदन की दिनभर की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई सरकार के दबाव में हो रही है।

विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने के बाद कांग्रेस विधायकों के साथ नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने अपने कक्ष में आपात बैठक ली। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद थे।

**विधानसभा समाचार–02**

---

राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन आज पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कथित बोरे–बासी घोटाला का मामला गूंजा। सदन में इस मुद्दे को भाजपा सदस्य राजेश मूणत, अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने उठाया। भाजपा सदस्यों की मांग पर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने विधायकों की एक टीम बनाकर इस मामले की जांच कराने की घोषणा की। गौरतलब है कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान एक मई यानी श्रमिक दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ी खान–पान को बढ़ावा देने के उद्देश्य बोरे–बासी खिलाने का प्रावधान किया गया था, जिसके लिए पूववर्ती कांग्रेस सरकार ने आठ करोड़ रूपए से अधिक खर्च किए थे।

वहीं, आज शून्यकाल में नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस सदस्यों ने हसदेव अरण्य में पेड़ कटाई का मुद्दा उठाते हुए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि कोयला खनन के नाम पर जंगल उजाड़ना सही नहीं है। ग्राम सभा की स्वीकृति नहीं ली गई, फिर भी खनन शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तमनार क्षेत्र में खनन के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि तमनार में पेसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। एनजीटी के नियमों और वन अधिकार कानून का उल्लंघन किया जा रहा है।

बाद में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इस पर विपक्षी सदस्यों ने सदन में जमकर हंगामा किया। शोर–शराबे के बीच विधानससभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी।

**माओवादी–मुठभेड़**

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए हैं। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मौके से एके–फोर्टी–सेवन और एस.एल.आर. रायफल सहित बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को सर्च अभियान पर रवाना किया गया था। आज दोपहर से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रूक–रूक मुठभेड़ जारी है। अब तक छह माओवादियों के शव घटनास्थल से मिले हैं।

**केन्द्र–धान खरीद**

केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष–दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए छत्तीसगढ़ से केन्द्रीय पूल के लिए चावल उपार्जन के लक्ष्य को सत्तर लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर अठहत्तर लाख मीट्रिक टन कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आठ लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त धान खरीदने की स्वीकृति, किसानों के परिश्रम को मान्यता देने वाला कदम है। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **प्रदेश में किसानों को खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में कृषि मंत्री रामविचार नेताम** से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल उन्नीस जुलाई को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मुख्यमंत्री–अंजोर विजन

कल नवा रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम **"छत्तीसगढ़ अंजोर विजन–दो हजार सैंतालीस"** का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दस्तावेज को जारी करते हुए कहा कि यह दस्तावेज केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का एक ठोस संकल्प और स्पष्ट दिशा है। उन्होंने कहा कि यह विजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के संकल्प से प्रेरित है और छत्तीसगढ़ को भारत के अग्रणी और विकसित राज्य में शामिल करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि विकसित भारत की भव्य इमारत को ऊर्जावान बनाने में छत्तीसगढ़ पावर हाउस की भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह दृष्टि पत्र तेरह प्रमुख सामाजिक–आर्थिक विषयों पर केन्द्रित है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, अधोसंरचना और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़–पुरस्कार

स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने खुशी जाहिर की है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## मौसम
## पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक–दो स्थानों पर वज्रपात होने की भी संभावना व्यक्त की गई है।

## संक्षिप्त समाचार
## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

–

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा सत्ताईस जुलाई को आयोजित की जाएगी।

–

प्रदेश में खराब सड़कों और बिजली की बढ़ी दरों के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विकासखंडों में प्रदर्शन किया।

–

रायपुर स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज रायपुर में राष्ट्रव्यापी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

–

कोरबा जिले के कुसमुंडा स्थित एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में भू–विस्थापित महिलाओं ने प्रदर्शन किया। इन महिलाओं का आरोप है कि एसईसीएल द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई थी, लेकिन अभी तक उन्हें रोजगार नहीं दिया गया।

–

कबीरधाम जिले में आचार्य पंथ श्री गंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य और एक कर्मचारी के खिलाफ कालेज प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज कराई है। इन पर करीब एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये गबन करने का आरोप है।

–मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम घोटिया में खेत में काम कर रहे एक छात्र की करंट लगने से मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>